## खबर संक्षेप

### 'कैच द रेन' अभियान से जुड़कर वर्षा जल बचाएं

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने मानसून के दौरान शहरवासियों से भारत सरकार के 'कैच द रेन' अभियान से जुड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वर्षा जल प्रकृति का अमूल्य उपहार है और इसकी प्रत्येक बूंद को सहेजकर भूजल स्तर में सुधार तथा भविष्य की जल सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने कहा कि नागरिक अपने घरों, संस्थानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और कार्यालयों में रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, रिचार्ज पिट, सोख्ता गड्ढे और रिचार्ज शाफ्ट बनाकर वर्षा जल का संचयन करें। सलोनी शर्मा ने कहा कि नगर निगम जल संरक्षण को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है। उन्होंने सभी सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों, औद्योगिक इकाइयों और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों से इस अभियान को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया।

### अरमान गोयल ने नीट यूजी में चमकाया नाम

**तरावड़ी।** श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर (सी), तरावड़ी के मेधावी छात्र



अरमान गोयल ने नीट यूजी 2026 परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 1451 तथा कैटेगरी रैंक 120 प्राप्त कर विद्यालय, अपने माता-पिता एवं पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। अरमान की यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन, दृढ़ संकल्प तथा उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन का परिणाम है। देश की सबसे प्रतिष्ठित एवं प्रतिस्पर्धी मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि लगन और निरंतर प्रयास से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। इसअवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ राकेश शर्मा, प्राचार्य, प्रबंधन समिति एवं समस्त शिक्षकगण ने अरमान गोयल एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### पॉलिथीन की रोकथाम के लिए शहर में बांटे थैले



**नीलोखेड़ी।** नगरपालिका सचिव डाक्टर राहुल सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि पालीथीन की रोकथाम के लिए नगरपालिक कि ओर से बाजार में दुकानों पर जाकर आम ग्राहकों को कपड़े के थैले बांटे गए।उन्होंने कहा कि यह एक प्राचीन परम्परा है जब आमजन बाजार से अपनी जरूरत का सामान लाने के लिए घर से कपड़े के थैले लेकर जाते थे परन्तु आज के समय इनका स्थान पालीथीन ने ले लिया है जोकि मानव स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है और गंदगी फैलाने का एक बड़ा माध्यम।सचिव ने बताया कि पालीथीन की थैली भारी सामान भी नहीं उठा सकती और इसके फटने की संभावना बनी रहती है जबकि कपड़ा थैले में ऐसी कोई परेशानी नहीं है।नगरपालिक टीम ने दुकानों पर बाजार में लगभग 1500 थैले वितरित किए।मौके पर सफाई इंचार्ज राजबीर,प्रेरक नरेश कुमार ,संगीता रानी सफाई दरोगा सुनील कुमार,विनोद कुमार मौजूद रहे।

# परियोजनाओं से हरियाणा को मिली रफ्तार : हरविन्द्र

## लाभार्थियों को सौंपीं आवास की चाबियां और हैप्पी कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करीब 15 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास कर हरियाणा को नई गति दी है। साथ ही जींद से सोनीपत के बीच देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ कर प्रदेश को ऐतिहासिक सौगात दी है। वह स्थानीय मंगलसेन सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

- हाइड्रोजन ट्रेन को बताया ऐतिहासिक उपलब्धि



**करनाल।** जिला स्तरीय कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण व अन्य।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थी रीना, सुषमा, सीमा देवी, कलाशो और शकुंतला को गृह प्रवेश की चाबियां तथा हैप्पी कार्ड योजना के लाभार्थी सुनीता, भौमिका, तमन्ना, सुनीता और ज्योति को कार्ड वितरित किए। उन्होंने लाडो लक्ष्मी योजना की नौवीं किस्त जारी होने पर लाभार्थियों को बधाई भी दी। हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के विकास के लिए अनेक ऐतिहासिक परियोजनाएं दी हैं। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत पानीपत से हुई और स्वच्छता अभियान की शुरुआत भी हरियाणा से हुई। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में हरियाणा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### जींद रैली पर्यावरण संरक्षण की मिसाल

विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि जींद की रैली पर्यावरण संरक्षण की मिसाल रही, जहां सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग किया गया। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रधानमंत्री के हर दौरे से प्रदेश को नई परियोजनाएं मिलती हैं। विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने ग्रीन हाईवे, सिख संग्रहालय और अन्य परियोजनाओं का उल्लेख किया। विधायक योगेंद्र राणा ने हाइड्रोजन ट्रेन को ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का आभार जताया। कार्यक्रम में यशपाल ठाकुर, सतीश गुप्ता, कविंद्र राणा, अमरनाथ सौदा, संजय मदान, प्रवेश राणा, निर्मला बैरागी, शिवनाथ कपूर, ईश्वर कश्यप, लेखराज, महेंद्र प्रेमी, वीरेंद्र सिंह चौहान, अशोक सुखीजा, आनंद कुमार शर्मा, राहुल रईया, देवेंद्र शर्मा, अमित आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर किया मंथन

- पराग गाबा की अध्यक्षता में प्रस्तावित मंडल अध्यक्षों और पदाधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) के अध्यक्ष पराग गाबा की अध्यक्षता में उपप्रधान बिंदर पोसवाल के कार्यालय में संबंधित जोन के पदाधिकारियों एवं प्रस्तावित मंडल अध्यक्षों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रस्तावित मंडल अध्यक्षों के नामों पर विचार-विमर्श किया गया और उनसे व्यक्तिगत संवाद कर संगठन की भावी कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने, जनसंपर्क अभियान तेज करने तथा कांग्रेस की विचारधारा और जनहित के मुद्दों को घर-घर तक पहुंचाने की रणनीति पर मंथन किया गया।



**करनाल।** संगठनात्मक बैठक में मौजूद कांग्रेस पदाधिकारी।

### संगठन की सबसे बड़ी ताकत उसके कार्यकर्ता

पराग गाबा ने कहा कि कांग्रेस संगठन की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के अनुभव का लाभ लेने और जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने का आह्वान किया। बैठक में नियमित संगठनात्मक गतिविधियां चलाने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने पर भी चर्चा की गई।

# स्कूलों में 650 पौधे वितरित किए



**करनाल।** स्कूल परिसर में पौधारोपण करते भारत विकास परिषद माधव शाखा के पदाधिकारी।

- भारत विकास परिषद माधव शाखा ने तीन शिक्षण संस्थानों में चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

भारत विकास परिषद माधव शाखा की पर्यावरण विंग की ओर से तीन स्कूलों में पौधारोपण अभियान चलाया गया। शाखा अध्यक्ष गौरी दत्ता की अध्यक्षता में दयाल सिंह पब्लिक स्कूल दयाल सिंह कॉलोनी, राजकीय प्राइमरी स्कूल सेक्टर-13 और दयाल सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर-7 में 650 पौधे रोपित व वितरित किए गए। पर्यावरण विंग की उपाध्यक्ष सुजाता गुप्ता ने प्रकल्प प्रमुख की भूमिका निभाई।

माधव शाखा के सदस्यों ने बच्चों व शिक्षकों के साथ मिलकर औषधीय व फलदार पौधे लगाए और उनकी देखभाल का संकल्प लिया। सुजाता गुप्ता ने कहा कि बढ़ता प्रदूषण, घटता हरित क्षेत्र और जलवायु परिवर्तन गंभीर चुनौती हैं। प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण के साथ उसके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए।

कार्यक्रम में गौरी दत्ता, दयाल सिंह पब्लिक स्कूल दयाल सिंह कॉलोनी की प्रिंसिपल तथा शाखा सदस्य प्रदीप गर्ग मौजूद रहे।

# रिश्तों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है संगीत

- बंजारे का नया गीत 'बरसात' 'बैरन' की कहानी को बढ़ाता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

स्वतंत्र संगीत केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज की भावनाओं और रिश्तों को अभिव्यक्त करने का सशक्त मंच भी बनता जा रहा है।

इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए करनाल के संगीतकार भाइयों की जोड़ी बंजारे सुमित और अनुज ने अपने नए गीत 'बरसात' के माध्यम से प्रेम संबंधों में संवाद, संवेदनशीलता और भावनात्मक संतुलन का संदेश देने का प्रयास किया है। बंजारे का नया गीत 'बरसात' उनके चर्चित गीत 'बैरन' की कहानी को आगे बढ़ाता है, लेकिन इस बार कहानी को महिला के दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया गया है। जहां पहले गीत में पुरुष की भावनाओं को अभिव्यक्ति मिली थी, वहीं नए गीत में उन भावनाओं को सामने लाया गया है जो अक्सर रिश्तों में अनकही रह जाती हैं। हर रिश्ते की दो कहानियां होती हैं। यदि केवल एक पक्ष को सुना जाए तो तस्वीर अधूरी रह जाती है। 'बरसात' इसी अधूरे संवाद को पूरा करने का प्रयास है। गीत यह संदेश देता है कि मजबूत रिश्तों की नींव केवल प्रेम नहीं, बल्कि आपसी विश्वास, संवेदनशीलता और संवाद पर भी टिकी होती है।

# महापौर रेणु बाला गुप्ता ने खाटू श्याम मंदिर में लगाई हाजिरी

- नगर निगम में अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने शुक्रवार को धार्मिक, सामाजिक और जनसेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने गांव उचाना स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर के द्वितीय स्थापना दिवस पर आयोजित श्री खाटू श्याम कीर्तन एवं निशान यात्रा में श्रद्धापूर्वक सहभागिता की, भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के शुभारंभ को हरियाणा के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया तथा नगर निगम कार्यालय में आयोजित



जनसुनवाई के दौरान नागरिकों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। गांव उचाना स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर के द्वितीय स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में महापौर ने बाबा श्री खाटू श्याम के श्रीचरणों में शीश नवाकर प्रदेश और देशवासियों के सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की तथा बाबा श्याम को भंडारे का भोग अर्पित किया। भजन-कीर्तन और निशान यात्रा के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

## श्रीलंका के उद्योग मंत्री ने सब्जी उत्कृष्टता केंद्र का किया दौरा

# इंडो-इजरायल परियोजना की कार्यप्रणाली जानी

- प्रतिनिधिमंडल ने परिसर में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

श्रीलंका के उद्योग एवं उद्यमिता (एंटरप्रेन्योरशिप) विकास मंत्री सुनील हंडुनेती के नेतृत्व में आज एक प्रतिनिधिमंडल ने घरौंडा के सब्जी उत्कृष्टता केंद्र (इंडो-इजरायल परियोजना) का दौरा किया। उन्होंने केंद्र के संचालन और चुनौतियों संबंधी जानकारी ली तथा उत्कृष्टता केंद्र परिसर में पौधारोपण किया।

मंत्री के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल सुबह दस बजे घरौंडा के सब्जी उत्कृष्टता केंद्र पहुंचा, जहां बागवानी विभाग के अधिकारियों ने उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।



प्रतिनिधिमंडल में भारत में श्रीलंका की उच्चायुक्त महिषिनी कोलोन, भारत में इजरायल दूतावास के उप राजदूत फारेस साएब तथा नई दिल्ली स्थित इजरायल दूतावास में घरेलू राजनीतिक मामलों की सलाहकार व प्रथम सचिव डॉ. सारा ओल्गा शामिल रहीं। बागवानी विभाग के संयुक्त निदेशक सत्येंद्र यादव ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रतिनिधिमंडल को उत्कृष्टता केंद्र की विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस मौके पर मंत्री सुनील हंडुनेती ने कहा कि वे श्रीलंका में भी उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना करना चाहते हैं। उन्होंने अधिकारियों से केंद्र की स्थापना में आने वाली चुनौतियों, वित्तीय आवश्यकताओं तथा प्रशिक्षण के दौरान किसानों को दी जाने वाली जानकारी के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने केंद्र परिसर में हाई-टेक ग्रीन हाउस और स्वचालित सिंचाई संयंत्र कक्ष का दौरा किया। हाई-टेक ग्रीन हाउस में बूम सिंचाई तथा पौधों में खाद एवं दवा के उपयोग की आधुनिक तकनीक की जानकारी दी गई। तदुपरांत मंत्री सुनील हंडुनेती, महिषिनी कोलोन, फारेस साएब और डॉ. सारा ओल्गा सहित प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों ने परिसर में पौधारोपण किया।

मंत्री सुनील हंडुनेती केंद्र सरकार के वस्त्र मंत्रालय द्वारा आयोजित भारत टेक्स कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भारत दौरे पर हैं। इस अवसर पर डॉ. हर्षिता, डॉ. लवलेश, सुनील तथा गुरदेव भी उपस्थित रहे। वर्ष 2011 में लगभग 25 एकड़ भूमि पर स्थापित घरौंडा का यह उत्कृष्टता केंद्र आधुनिक सब्जी उत्पादन तकनीकों के प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र है।

### सीएम के दौरे को लेकर ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध

**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 18 जुलाई को करनाल प्रस्तावित दौरे के दृष्टिगत जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक आदेश जारी किए हैं। कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा वीवीआईपी सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधीश डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने धारा 163 तथा ड्रोन नियम, 2021 के तहत निषेधाज्ञा लागू की है। मुख्यमंत्री के आगमन एवं कार्यक्रम स्थलों के आसपास एक किलोमीटर के दायरे को अस्थायी रूप से रेड जोन घोषित किया गया है।

इस क्षेत्र में ड्रोन, यूएवी अथवा किसी भी प्रकार की उड़ने वाली वस्तु के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यदि कोई व्यक्ति प्रतिबंधित क्षेत्र में ड्रोन या अन्य उड़ने वाली वस्तु का संचालन करते हुए पाया जाता है अथवा आदेशों का उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज डायरी

### विद्यार्थियों को पौधों की देखभाल का दिलाया संकल्प



**करनाल।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से भारत विकास परिषद, करनाल तथा दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, दयाल सिंह कॉलोनी, करनाल के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय परिसर में पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिसर में छायादार एवं फलदार पौधे रोपे गए तथा विद्यार्थियों को अपने घरों और आसपास रोपण के लिए फलदार पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद की माधव शाखा की अध्यक्ष गौरी दत्ता, पर्यावरण अभियान की उपाध्यक्ष सुजाता गुप्ता, सदस्य प्रदीप गर्ग, विद्यालय की प्राचार्या सुषमा देवगन, मुख्य अध्यापिका प्रिया कपूर तथा एनसीसी फर्स्ट ऑफिसर डॉ. केवल कृष्ण ने पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।गौरी दत्ता एवं सुजाता गुप्ता ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक को पौधारोपण को जनआंदोलन बनाना होगा। विद्यालय की प्राचार्या सुषमा देवगन एवं मुख्य अध्यापिका प्रिया कपूर ने भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक एवं पर्यावरणीय मूल्यों के विकास के लिए भी निरंतर कार्य करता है। विद्यालय के एनसीसी फर्स्ट ऑफिसर डॉ. केवल कृष्ण के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ पौधारोपण किया

### इग्नू पाठ्यक्रमों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**करनाल।** बुद्धा कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन, रांबा (करनाल) में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के नए शैक्षणिक सत्र के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए पाठ्यक्रम जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को इग्नू द्वारा संचालित विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों तथा उनके लाभों से अवगत कराना था। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रिजवान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि इग्नू के माध्यम से वे अपनी नियमित पढ़ाई के साथ-साथ अतिरिक्त डिग्री, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम भी कर सकते हैं। इससे उनकी शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ व्यावसायिक कौशल का विकास होता है और रोजगार के नए अवसर प्राप्त होते हैं। उन्होंने बताया कि इग्नू के पाठ्यक्रम लचीली अध्ययन प्रणाली, स्व-अध्ययन सामग्री, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन अध्ययन सुविधा, कम शुल्क तथा राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त डिग्री जैसी विशेषताओं से युक्त हैं। इग्नू के माध्यम से विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ अपनी उच्च शिक्षा भी जारी रख सकते हैं। साथ ही कार्यरत व्यक्ति, गृहिणियां तथा अन्य शिक्षार्थी भी अपनी सुविधानुसार शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया और इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने प्रवेश प्रक्रिया, अध्ययन व्यवस्था तथा रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों के संबंध में अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। इस अवसर पर बुद्धा कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रिजवान, डॉ. दीपाली तथा कॉलेज के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### एडीआर सेंटर में अधिकारियों-कर्मचारियों की जांच



**करनाल।** जिला एडीआर सेंटर में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में जांच करते चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी।

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से जिला एडीआर सेंटर में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अजय कुमार शारदा ने किया। इस अवसर पर मीनाक्षी यादव, खुशबू गोयल, रेखा चौधरी सहित अन्य न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। मीनाक्षी यादव ने स्वयं टीबी और एचआईवी की जांच कराई तथा कर्मचारियों को भी इसके लिए प्रेरित किया। जसबीर सिंह सिंधू ने भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया। क्रान्ति खन्ना, कुलजीत सिंह, पूजा लाल तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम में रजनी, सुमन लता, रूपा, सीमा, दीपिका, ममता, रीतू, उदयवीर और अखिलेश चौहान ने टीबी, एचआईवी, हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांच की। शिविर में 100 से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जांच कर जरूरतमंदों को दवाइयां भी वितरित की गईं।

### ग्रामीण चौकीदारों की मांगें जल्द पूरी करे सरकार

**करनाल।** हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा के महासचिव कलीराम ने कहा कि सरकार ग्रामीण चौकीदारों से किए गए वादों को जल्द पूरा करे। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र में हुए प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के ओएसडी राकेश संधु ने अधिकारियों से वार्ता कराने का आश्वासन दिया था। सभा की मांग है कि चौकीदारों को पक्का किया जाए, काम के घंटे तय किए जाएं और कुशल श्रेणी का 18,500 रुपये न्यूनतम वेतन लागू किया जाए। विक्रमजीत ने कहा कि हर माह सात तारीख तक वेतन का भुगतान हो, सेवानिवृत्ति राशि पांच लाख रुपये की जाए, बीमारी के दौरान मृत्यु होने पर परिवार को 10 लाख रुपये की सहायता मिले, ईएसआई स्वास्थ्य सुविधा और साइकिल भत्ते में बढ़ोतरी की जाए। कलीराम ने कहा कि सरकार 22 जुलाई तक मांगों का समाधान करे। अन्यथा 25 जुलाई को रोहतक में होने वाले राज्य स्तरीय शिक्षा शिविर में आगामी आंदोलन की रणनीति घोषित की जाएगी।

### दिव्यांग की चाय की रेहड़ी पर चोरी



**तरावड़ी।** दिव्यांग सोहन लाल घटना की जानकारी देते हुए।

**तरावड़ी।** सौंकड़ा रोड स्थित केनरा बैंक के सामने चाय की रेहड़ी लगाकर परिवार का पालन-पोषण कर रहे दिव्यांग सोहनलाल निवासी दया नगर की रेहड़ी पर अज्ञात चोरों ने बीती रात चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार, सोहनलाल रोजाना अपनी चाय की रेहड़ी लगाकर आसपास के दुकानदारों और बैंक कर्मियों को चाय बेचकर अपना गुजारा करते हैं। लेकिन किसी घरेलू कारण के चलते वह बुधवार को अपनी रेहड़ी नहीं खोल पाए। इसी दौरान रात में अज्ञात चोरों ने उनकी रेहड़ी का ताला तोड़ दिया और अंदर रखे गैस सिलेंडर सहित बीड़ी, सिगरेट व अन्य कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए। सुबह आसपास के एक परिचित ने सोहनलाल को सूचना दी कि उनकी रेहड़ी का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और देखा कि रेहड़ी के अंदर से सामान गायब है। इस घटना से उनका काफी नुकसान हुआ है और उनकी रोजी-रोटी पर भी संकट खड़ा हो गया है। दिव्यांग सोहनलाल ने बताया कि वह दिन-रात मेहनत कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं, लेकिन चोरों ने उनकी मेहनत की कमाई पर पानी फेर दिया। उन्होंने कहा कि चोरों ने एक दिव्यांग व्यक्ति को भी नहीं बख्शा और उसकी आजीविका छीन ली। पीड़ित ने इस संबंध में थाना में शिकायत दर्ज करवा दी है।

## खबर संक्षेप

### लापता बच्चे का सुराग नहीं लगा

**इसराना।** पानीपत के गांव चमराडा निवासी नरेश के पुत्र अंकुश का सुराग नहीं लगा है। वहीं पुलिस बच्चे की तलाश कर रही है। अंकुश रविवार को संदिग्ध हालात में लापता हो गया था। नरेश की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने अंकुश के लापता होने का केस दर्ज किया था। इधर, परिजन भी अंकुश की हर संभावित स्थल पर तलाश कर रहे है।

### भाई-बहन ने नीट क्वालीफाई किया

**इसराना।** पानीपत के गांव बुआना लाखू निवासी दलशेर मलिक के पुत्र आकाश और पुत्री अंशु ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) क्लीयर कर दिया है। आकाश ने 556 व इनकी बहन अंशु ने 602 अंक प्राप्त किए है। वहीं, भाई-बहन की इस सफलता पर ग्रामीणों का दलशेर के घर बधाई देने के लिए तांता लगा हुआ है। ग्रामीणों ने अकाश व अंशु को बधाई और उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया। वहीं, दोनों भाई व बहन के जीवन का लक्ष्य चिकित्सक बनना है।

### व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह 20 से

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ.हरीश वशिष्ठ ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय की ओर से 20 से 24 जुलाई तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत विभिन्न शिक्षण संस्थानों और रोजगार कार्यालय परिसर में सेमिनार एवं कार्यशालाओं का आयोजन कर विद्यार्थियों और बेरोजगार युवाओं को कैरियर, प्रशिक्षण और रोजगार के अवसरों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को उनकी रुचि, योग्यता और कौशल के अनुरूप सही कैरियर चुनने के लिए प्रेरित करना है। रोजगार अधिकारी रितु चहल ने अधिक से अधिक युवाओं से कार्यक्रमों में भाग लेकर विशेषज्ञों के मार्गदर्शन का लाभ उठाने की अपील की।

### कृषि यंत्रों पर मिलेगा अनुदान

**पानीपत।** फसल अवशेष प्रबंधन को बढ़ावा देने और पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने चालू वित्ता वर्ष के लिए कृषि यंत्रों पर अनुदान हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। योजना के तहत किसानों को विभिन्न कृषि यंत्रों की खरीद पर 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। उपायुक्त डॉ.हरीश वशिष्ठ ने किसानों से पराली न जलाने और आधुनिक कृषि यंत्रों को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि योजना का लाभ केवल मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत पात्र किसानों को मिलेगा।

### प्लेट पेंटिंग बनाने में रूचि प्रथम

**पानीपत।** आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में छात्राओं के लिए प्लेट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रुचि, द्वितीय स्थान तनीषा, तृतीय स्थान जेसिका, सांत्वना पुरस्कार रितु व नैना, राधिका जैन ने प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या मीनाक्षी अरोड़ा, उप प्राचार्या अनुभा, जूनियर विंग के अध्यक्ष रितु गोयल, मुस्कान सोनी आदि उपस्थित रहे।

### मेहनत से मिलती है सफलताः हरीश

**पानीपत।** क्रिकेट में सफलता केवल प्रतिभा के दम पर नहीं, बल्कि अनुशासन, चरित्र, मानसिक मजबूती और निरंतर सीखने की आदत से हासिल होती है। विशेषज्ञों और महान खिलाडिय़ों के अनुभव बताते हैं कि समयपालन, फिटनेस, संतुलित आहार, आत्मविश्लेषण और मानसिक तैयारी एक खिलाड़ी को महान बनाते हैं। यह विचार व्यक्त करते हुए हरीश अरोड़ा ने कहा कि युवा क्रिकेटरों को अपनी दिनचर्या व्यवस्थित रखने, सही पोषण अपनाने, फिटनेस पर ध्यान देने और अपनी गलतियों व उपलब्धियों का नियमित लेखा जोखा रखना चाहिए।

---

### भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन से बदलेगी रेल यात्रा की तस्वीर: विज

# स्वच्छ ऊर्जा, आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक बनी हाइड्रोजन ट्रेन : ढांडा

### विकसित भारत के नए संकल्प को आयाम देगी योजनाएंः भड़ाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज सभागार में देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना के जींद रेलवे स्टेशन से शुक्रवार को शुभारंभ करने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लेकर उपस्थित गण मान्य व्यक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन की शुरुआत हरियाणा से होना पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। यह केवल नई रेल सेवा नहीं, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा, आधुनिक तकनीक और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।



**पानीपत।** पीएम मोदी के लाइव कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा महिला को चॉबी सौंपते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्वस्तरीय आधारभूत ढांचे की ओर तेजी से बढ़ रहा है और रेलवे में हो रहा यह परिवर्तन आने वाली पीढ़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष ज्योति शर्मा, मेयर कोमल सैनी, उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ, एडीसी अंकित चौकसे, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह, एसडीएम मनदीप कुमार, सीईओ डॉ. किरण सिंह, मार्केट कमेटी चेयरमैन अवतार शास्त्री आदि उपस्थित रहे। लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव संबोधन को पूरे ध्यान से सुना तथा तालियां बजाकर स्वागत व अभिनंदन किया।

#### हाइड्रोजन ट्रेन हरियाणा का गौरव



पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने कहा कि हाइड्रोजन ट्रेन भारत की तकनीकी क्षमता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच का प्रतीक है। यह परियोजना पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आधुनिक परिवहन व्यवस्था को नई पहचान देगी। हरियाणा को इस ऐतिहासिक परियोजना की सौगात मिलना पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है और मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में विकास की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं।

#### हाइड्रोजन ट्रेन विकसित भारत की पहचान



समालखा विधायक मनमोहन भड़ाना ने कहा कि हाइड्रोजन ट्रेन विकसित भारत के संकल्प को नई गति देने वाली परियोजना है। इससे भारत विश्व के उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है जो भविष्य की स्वच्छ ऊर्जा आधारित रेल तकनीक का नेतृत्व कर रहे हैं। हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ. जयदीप आर्य ने कहा कि हाइड्रोजन ट्रेन केवल एक रेल परियोजना नहीं बल्कि भारत की वैज्ञानिक क्षमता, नवाचार और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प का प्रतीक है। यह नई तकनीक देश को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाएगी और रेलवे के माध्यम से विकास एवं संस्कृति को जोडने का कार्य करेगी।

---


**पानीपत।** शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, अधिकारियों के साथ साइकिल की सवारी करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## पानीपत में साइकिल बनी हरित क्रांति की पहचान

- पर्यावरण को बढ़ावा देना हर नागरिक का कर्तव्य : महिपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए शुक्रवार का दिन पानीपत में प्रेरणादायक और उत्साह से भरपूर रहा। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के नेतृत्व में उनके निवास एल्डिको से स्थानीय आर्य पीजी कॉलेज तक लगभग सात किलोमीटर लंबी साइकिल रैली निकाली गई। सुबह शुरू हुई यह साइकिल रैली जीटी रोड से होती हुई आर्य पीजी कॉलेज परिसर पहुंची। यात्रा में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, युवाओं, सामाजिक संगठनों, विद्यार्थियों तथा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए सैकड़ों नागरिकों ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संदेश दिया। वहीं, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक सरकारी अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। यदि हमें अपनी आने वाली पीढिय़ों को स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और हरियाली से भरपूर धरती देनी है तो आज ही अपनी जीवनशैली में बदलाव लाना होगा। छोटी-छोटी आदतें, जैसे छोटी दूरी के लिए साइकिल का उपयोग, अधिक से अधिक पौधारोपण और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, भविष्य को सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि साइकिल केवल एक साधन नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण का प्रतीक है। यदि समाज सामूहिक रूप से पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाए तो प्रदूषण जैसी गंभीर चुनौती पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। साइकिल रैली में उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह सहित युवाओं ने भाग लिया।

---

## पानीपत पुलिस ने गुम हुए 50 मोबाइल मालिकों को लौटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत पुलिस आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए लगातार प्रभावी कार्य कर रही है। इसी क्रम में जिला पुलिस की साइबर सेल ने गुम हुए मोबाइल फोन का सर्च अभियान चलाकर 50 गुमशुदा मोबाइल फोन ट्रेस कर बरामद किए और शुक्रवार को उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए। बरामद किए गए मोबाइल फोन की कुल अनुमानित कीमत 12 लाख रुपए से अधिक है। वहीं, डीएसपी ट्रैफिक सुरेश सैनी ने मोबाइल फोन उनके मालिकों को सौंपे। लंबे समय बाद अपना खोया हुआ मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर साइबर सेल प्रभारी सब इंस्पेक्टर हिमांशु तथा उनकी पूरी टीम भी उपस्थित रही। स्मरणीय है कि गुम हुए अपने मोबाइल फोन की शिकायत हर समय पोर्टल व साइबर सेल पर की गई थी। इधर, पानीपत साइबर सेल प्रभारी हिमांशु ने अपनी टीम के साथ 50 मोबाइल फोन को ट्रेस कर बरामद किया।


**पानीपत।** डीएसपी नरेश सैनी नागरिकों को उनके मोबाइल भेंट करते हुए।

### इनसो ने बलराज और जैलदार को जिम्मेदारी सौंपी

**पानीपत।** जननायक जनता पार्टी ने अपने छात्र संगठन इनसो में संगठनात्मक नियुक्तियां की है जिसमें बलराज देशवाल को इनसो वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष और राजेन्द्र जैलदार को इनसो प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है छात्र नेताओं की मेहनत को देखकर हुए युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने ये जिम्मेदारी दी है। इनसो नेताओं ने अपनी नियुक्ति पर युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला का आभार जताते हुए दावा किया कि संगठन ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है वे उन पर खरा उतरते हुए विद्यार्थियों के हितों के लिए आगे भी संघर्ष करते रहेंगे और पानीपत के प्रत्येक कॉलेज में छात्रों को इनसो से जोड़कर प्रत्येक कॉलेज में संगठन का विस्तार किया जाएगा।



## पौधे लगाकर दिवंगत मां को श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

वृक्ष मित्र समूह के सदस्य विजेंद्र मलिक ने अपनी माताजी स्वर्गीय कमला देवी की स्मृति में उग्राखेड़ी गांव के श्मशान घाट में पौधा रोपण अभियान चला कर उन्हें हरित श्रद्धांजलि अर्पित की। हवन.यज्ञ के उपरांत परिवारजनों, ग्रामीणों और वृक्ष मित्र समूह के सदस्यों ने दो बरगद, तीन पीपल, दो नीम, दो बेलपत्र, एक आंवला और एक आम का पौधा रोपित किया। पौधारोपण अभियान का नेतृत्व वृक्ष मित्र समूह के अध्यक्ष एवं ग्रीनमैन प्रो.दलजीत कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि दिवंगत परिजनों की स्मृति में वृक्ष लगाना सबसे श्रेष्ठ श्रद्धांजलि है। सरपंच पति सुधीर मलिक ने इसे पूरे गांव के लिए प्रेरणादायक पहल बताते हुए वृक्षारोपण को सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ा। वहीं विजेंद्र मलिक ने कहा कि उनकी माताजी स्वर्गीय कमला देवी ने परिवार को सेवा, संस्कार और प्रकृति प्रेम की सीख दी थी और ये पौधे उनकी अमर स्मृति का प्रतीक हैं। इस अवसर पर सेवानिवृत्त पुलिस सीआईडी इंस्पेक्टर सुखबीर मलिक, सेवानिवृत्त थानेदार कृष्ण मलिक, वरिष्ठ नागरिक टीम के सदस्य वीरेंद्र मलिक, सेवानिवृत्त वन विभाग अधिकारी डॉ. रोहित दोयता गुरुग्राम, अजय मलिक, एडवोकेट अनिल मलिक, संजीव मलिक, हितेंद्र मलिक, टिंकू मलिक, विनय, अर्पित मलिक, चौधरी हरपाल सिंह समेत बडी संख्या में ग्रामीणों ने पौधे रोपे और उनकी जवान होने तक देखभाल करने की बात कही।


**पानीपत।** गांव उग्राखेडी में पौधारोपण करते ग्रीनमैन प्रो .दलजीत आदि।

---

## मां दुर्गा के कीर्तन पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पीठाधीश और समर्थगुरु धारा हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर डॉ.सुरेश मिश्रा के निर्देशन में श्रद्धालु भक्तों ने माँ दुर्गा का श्रद्धा और भक्ति भावना से पूजन व संकीर्तन किया। श्री दुर्गा देवी मंदिर के पुजारी पंडित राहुल मिश्रा ने समाज सेवी भगत सुशील तलवाड़, धर्मपत्नी संगीता तलवाड़ ने अपने परिवार सहित वैदिक मन्त्रों से श्री गणेश पूजन, नवग्रह पूजन सहित माँ दुर्गा का विधिपूर्वक पूजन अर्चना की और संकीर्तन के बाद विशाल भण्डारा आयोजित किया गया। भगत सुशील पिछले 32 वर्षों से विशाल कीर्तन और भण्डारा करवा रहे है क्योंकि 17 जुलाई 1994 को माँ भगवती दुर्गा की विशेष कृपा और आशीर्वाद मिला था। डॉ.सुरेश मिश्रा ने भक्तों को बताया कि आज शुक्रवार, आषाढ़ मॉस की तृतीया को माँ दुर्गा का नाम का संकीर्तन करने से सभी देवी देवताओं का आशीर्वाद मिलता है क भगवान के नाम का सुमिरन और ध्यान प्रतिदिन करने से प्रभु कृपा मिलती है। मां दुर्गा मंडली की सुमित्रा पाहवा, शिमला देवी,निशा अरोड़ा, आशा कवात्रा,ऊषा शर्मा, कोमल मेहरा, सुरेन्द्र कौर, पूजा कुकरेजा व सुमित्रा पाहवा , कमल कक्कड़ एवं मंडली, राज रानी और मंडली व भक्त सुशील तलवाड़ ने माँ दुर्गा की सुंदर -सुंदर भेटें गाई।

### शिक्षा के प्रति जागरूक किया

**पानीपत।** राजकीय मॉडल संस्कृति पाठशाला बिंझौल में पीटीएम का आयोजन किया गया। टीचर्स ने अभिभावकों को लाडो लक्ष्मी योजना के तहत निपुण बच्चों की माताओं के खातों में 2100 रुपये मिलने संबंधी जानकारी भी दी गई। अभिभावकों को बच्चों के नियमित अध्ययन, विद्यालय उपस्थिति तथा विद्यालयी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही गर्मी और बरसात के मौसम में बच्चों की सुरक्षा के उपाय भी बताए गए।

## सांसद जिन्दल ने स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

- सांसद ने स्वच्छ ईंधन बस में यात्रा कर एलिवेटेड ट्रैक व थानेसर रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिन्दल ने शुक्रवार को इलेक्ट्रिक बस में यात्रा कर थानेसर रेलवे स्टेशन और कार्यक्रम स्थल श्रीमद्भगवद्गीता सदन पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छ ईंधन के अधिकाधिक उपयोग का संदेश देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लिए स्वच्छ ऊर्जा को अपनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

सांसद नवीन जिन्दल ने एलिवेटेड ट्रैक एवं नवनिर्मित थानेसर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह एलिवेटेड ट्रैक कुरुक्षेत्र के विकास में एक ऐतिहासिक कदम है। इससे शहर दो हिस्सों में बंटने की समस्या दूर होगी, वर्षों से लोगों को परेशानी का कारण बने पांच रेलवे फाटक समाप्त होंगे और यातायात अधिक सुगम, सुरक्षित तथा तेज होगा। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से विभिन्न सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की तथा स्टेशन के संचालन और यात्री सुविधाओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।निरीक्षण के दौरान सांसद नवीन जिन्दल ने स्टेशन को और अधिक आधुनिक, सुविधाजनक एवं आदर्श रेलवे स्टेशन बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यात्रियों की सुविधा, स्वच्छता, सुगम आवागमन, दिव्यांगजन-अनुकूल व्यवस्थाएं, बेहतर सूचना प्रणाली तथा सौंदर्यीकरण जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इस दौरान सांसद नवीन जिन्दल ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर ट्रेन की प्रतीक्षा कर रहे यात्रियों से भी आत्मीय संवाद किया।

यात्रियों से स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली तथा स्टेशन को स्वच्छ रखने का भी आग्रह किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद सांसद नवीन जिन्दल एक बार फिर आधुनिक थानेसर रेलवे स्टेशन पहुंचे।


**कुरुक्षेत्र।** थानेसर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते सांसद नवीन जिंदल।

---

## न्यूज डायरी

### विवाह का झांसा देकर किशोरी से किया दुष्कर्म

**पानीपत।** पानीपत के एक गांव में किशोरी को शादी का झांसा देकर उसके पुरुष मित्र ने उसके साथ दुष्कर्म किया। वहीं, लगातार दुष्कर्म होने से लडकी गर्भवती हो गई। वहीं, घटना का खुलासा तब हुआ जब तबीयत बिगड़ने पर किशोरी को परिजन अस्पताल ले गए, वहां मेडिकल जांच में पता चला कि किशोरी गर्भवती है। इधर, पीड़ित किशोरी की मां की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस ने लडकी के बयान दर्ज किए और अक्षय नामक युवक पर पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर, पुलिस की जांच में पता चला कि किशोरी गांव के ही एक निर्माणधीन मकान में मजदूरी करने गई थी, वहां उसकी दोस्ती अक्षय नामक युवक से हो गई। अक्षय ने किशोरी को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। फिर अक्षय, किशोरी को आए दिन परिवार की हत्या की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। इधर, आरोपी अक्षय फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### घर से लाखों के जेवर चोरी

**पानीपत।** के गांव महावटी निवासी ज्योति रानी के घर के ताले तोड कर चोरों ने लाखों रुपये कीमत के जेवर चोरी कर लिए है। वहीं ज्योति ने बताया कि वह गांव पट्टीकल्याणा स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) केंद्र में काम करती हैं। वहीं, वीवार को वह काम कपर चली गई। घर पर कोई नहीं था। इसका फायदा उठा चोरों ने लाखों रूपये के गहने चोरी कर लिए। इधर, ज्योति की शिकायत पर हल्दाना पुलिस चौकी ने अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर चोरी की बडी वारदात की जांच शुरू कर दी है।

### पिछड़ों को दलितों की तर्ज पर मांगा आरक्षण

**पानीपत।** अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस पर पिछड़ी जातियों के नेताओं ने पंचायत मेंबर से लेकर लोकसभा और चपरासी से लेकर डीसी तक दलित पैटर्न की तर्ज पर पिछड़े वर्गों के आरक्षण की पुरजोर मांग की। पिछड़े वर्ग के नेता आजाद सिंह दांगी ने कहा जब से देश आजाद हुआ है तब से पिछड़े वर्गों की राजनीतिक आरक्षण की मांग उठ रही है। अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस की अध्यक्षता बैकवर्ड नेता जितेंद्र जांगड़ा ने की। इस अवसर पर प्रधान नरेश प्रजापति,राजपाल कश्यप, डॉक्टर बलजीत बैरागी, राजसिंह सेन, राजेंद्र पांचाल, शोकेंद्र बाजवान, सुरेश कश्यप, फतेह सिंह वर्मा, बलवान सिंह जोगी, जगदीश रोहिल्ला तथा लक्ष्मण सैनी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### जेल में सीपीआर जागरूकता सेमिनार

**पानीपत।** उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के प्रधान डॉ.हरीश वशिष्ठ के निर्देश तथा हरियाणा रेडक्रॉस के उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी और महासचिव डॉ.सुनील कुमार के मार्गदर्शन में जिला रेडक्रॉस सोसायटी और जिला कारागार प्रशासन द्वारा सुदेश भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से जिला कारागार पानीपत में सीपीआर कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक कैदियों और स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया।

### मेडिकल कैंप में आंखें जांची

**पानीपत।** श्री राम सेवा दल द्वारा संचालित मेडिकल विंग के अंतर्गत राजन चावला मेमोरियल डिस्पेंसरी श्री राम धर्मशाला, बरसत रोड नूरवाला में अर्पणा अस्पताल मधुबन करनाल के अनुभवी नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रियांशी एवं उनकी टीम के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 87 व्यक्तियों की आंखों की जांच की गई। इस अवसर हरबंस आनंद, गौरव छोकरा, रामस्वरूप चावला, भीम सचदेवा, सुभाष बठला, राकेश आनंद, नरेश आनंद, सुंदर लाल वधवा, कमल छाबड़ा, सुमित वधवा, श्याम सुंदर ग्रोवर, अविनाश इशपुनानी, रमेश सतीजा, सुनील थम्मन, गुलशन छोकरा आदि उपस्थित रहे।

### सीपीआई का सम्मेलन 19 को

**पानीपत।** भगत सिंह स्मारक स्थित स्वतंत्रता सेनानी कामरेड टीकाराम सखुन हाल में 19 जुलाई को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सीपीआई का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी सीपीआई के जिला सचिव एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य का. पवन कुमार सैनी एडवोकेट ने दी। इस अवसर पर का.दरियाव सिंह कश्यप, का. सत्येंद्र गिरि आदि उपस्थित रहे।

---

### जुलाई माह की 17 तारीख बीत जाने के बावजूद अच्छी बारिश नहीं होने से किसान चिंतित

# सिंचाई की कमी से धान लगे खेतों में दरारें आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

पानीपत के अधिकतर क्षेत्रों में धान की रोपाई और बिजाई का कार्य लगभग पूरा हो चुका है, वहीं, जुलाई माह की 17 तारीख बीत जाने के बावजूद अच्छी बारिश नहीं होने से किसान चिंतित हैं। मानसून की देरी, नहरों और रजबाहों में पानी की कमी तथा बिजली संकट के कारण धान की फसल को पर्याप्त सिंचाई नहीं मिल पा रही है। जिससे फसलें बर्बादी के कगार पर पहुंच गई हैं।

उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के अधिकांश किसान धान की खेती पर निर्भर हैं और इस फसल को अधिक मात्रा में पानी की आवश्यकता होती है। भीषण गर्मी और मानसून के कमजोर रहने के कारण खेतों में धान की फसल सूखने लगी है। कई स्थानों पर खेतों की जमीन में बड़ी-बड़ी दरारें दिखाई देने लगी हैं, जो पानी की कमी को दर्शाती हैं। किसानों का कहना है कि जुलाई के पहले सप्ताह में होने वाली अच्छी बारिश इस बार नहीं हुई। वहीं न तो किसानों को पर्याप्त बिजली मिल रही है और न ही नहरी पानी उपलब्ध हो पा रहा है। ऐसे में किसान अपनी फसलों को बचाने के लिए महंगे दामों पर डीजल खरीदकर इंजन चलाकर सिंचाई करने को मजबूर हैं। किसान सुमेर सिंह, रामफल, अशोक कुमार, जसबीर सिंह, कृष्ण और जयभगवान आदि मौजूद थे।


**पानीपत।** गांव इसराना में सूखी पड़ी माइनर। फोटो : हरिभूमि

#### किसानों ने मांगा बिजली व नहरी पानी

*किसानों ने बताया कि यदि जल्द बारिश नहीं हुई और बिजली व नहरी पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई तो धान की फसल को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों ने सरकार से मांग की है कि उन्हें पर्याप्त बिजली आपूर्ति और नहरी पानी उपलब्ध कराया जाए, ताकि धान की फसल को सूखे की चपेट में आने से बचाया जा सके।*

